रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 14/12/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

* Note
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **General Science**

**Q.1** ब्लीचिंग पाउडर तैयार करने के लिए किस यौगिक का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. अमोनियम हाइड्रॉक्साइड (Ammonium Hydroxide)
- ✗ B. कैल्शियम क्लोराइड (Calcium Chloride)
- ✓ C. कैल्शियम हाइड्रॉक्साइड (Calcium Hydroxide)
- ✗ D. सोडियम कार्बोनेट (Sodium Carbonate)

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा, विद्युत धारा वहन करने वाले धात्विक तार से संबंधित है?

**Ans**
- ✗ A. केवल विद्युत विभव
- ✓ B. इसके परित: एक चुंबकीय क्षेत्र
- ✗ C. केवल ऊष्मा
- ✗ D. कोई भौतिक प्रभाव नहीं

**Q.3** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही विकल्प चुनें।

अभिकथन (A): ऑक्सीजन के साथ कॉपर की अभिक्रिया में, ऑक्सीजन अपचायक के रूप में कार्य करता है।
कारण (R): ऑक्सीजन कॉपर से मिलकर कॉपर ऑक्साइड बनाता है।

**Ans**
- ✗ A. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।
- ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।
- ✓ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✗ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या नहीं है।

**Q.4** एक दंत चिकित्सक द्वारा रोगी के मुंह के अंदर देखने के लिए किस दर्पण का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✓ A. अवतल दर्पण
- ✗ B. समतल दर्पण
- ✗ C. समतल-उत्तल दर्पण
- ✗ D. उत्तल दर्पण

**Q.5** एक कण 1.5 m त्रिज्या वाले वृत्त में 3 rad/s के कोणीय वेग से गति कर रहा है। इसके रैखिक वेग और कोणीय वेग का अनुपात क्या होगा?

**Ans**
- ✗ A. 2 : 3
- ✓ B. 3 : 2
- ✗ C. 2 : 1
- ✗ D. 1 : 2

Q.6 एक शबलित पत्ती का उपयोग करके स्टार्च परीक्षण में, अंत में आयोडीन विलयन मिलाने का क्या उद्देश्य है?

Ans
- ✗ A. हरे क्षेत्रों से क्लोरोफिल हटाना
- ✓ B. पत्ती में मौजूद स्टार्च को अभिरंजित करना
- ✗ C. स्टार्च को विलीन करना
- ✗ D. हरितलवक रहित क्षेत्रों की पहचान करना

Q.7 एक अनिषेचित अंडा सामान्यतः मादा जनन पथ में कितने समय तक जीवित रहता है?

Ans
- ✗ A. 72 घंटे
- ✓ B. 24 घंटे
- ✗ C. 60 घंटे
- ✗ D. 10 घंटे

Q.8 किस तत्व की द्रव्यमान संख्या 27 है और इसमें 14 न्यूट्रॉन उपस्थित होते हैं?

Ans
- ✗ A. क्लोरीन
- ✗ B. मैग्नीशियम
- ✗ C. सोडियम
- ✓ D. ऐलुमिनियम

Q.9 निम्नलिखित में से कौन-सा अंग मानव मादा प्रजनन प्रणाली का हिस्सा है?

Ans
- ✗ A. वृषण (Testis)
- ✗ B. शुक्रवाहिका (Vas Deferens)
- ✓ C. गर्भाशय (Uterus)
- ✗ D. प्रोस्टेट ग्रंथि (Prostate Gland)

Q.10 स्पाइरोगाइरा की कौन-सी विशेषता खंडन (fragmentation) को सफल बनाती है?

Ans
- ✗ A. बीजों की उपस्थिति
- ✗ B. एककोशिकीय संरचना
- ✗ C. जटिल ऊतक
- ✓ D. सरल तंतुमय काय

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
- ✗ A. एकाधिक परावर्तन (Multiple reflections) बड़े हॉल में ध्वनि वितरण में वृद्धि करते हैं
- ✓ B. एकाधिक परावर्तन ध्वनि की पिच को बदल देते हैं
- ✗ C. एकाधिक परावर्तन प्रतिध्वनि उत्पन्न कर सकते हैं
- ✗ D. छोटे कमरों में एकाधिक परावर्तन अवांछनीय हैं

Q.12 बहुकोशिकीय जीवों में उत्सर्जन के लिए परिवहन तंत्र क्यों आवश्यक है?

Ans
- ✗ A. पाचन एंजाइमों को परिसंचारित करने के लिए
- ✗ B. कोशिकाओं में ऑक्सीजन का उत्पादन करने के लिए
- ✓ C. अपशिष्ट उत्पादों को उन अंगों तक ले जाने के लिए जो उन्हें निष्कासित करते हैं
- ✗ D. जनन में सहायता के लिए

Q.13 'यौगिकों के अणु' की अवधारणा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. किसी यौगिक का अणु विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के पृथक्करण से बनता है।
- ✓ B. किसी यौगिक का अणु विभिन्न तत्वों के परमाणुओं के संयोजन से बनता है।
- ✗ C. किसी यौगिक का अणु एक ही तत्व के परमाणुओं के संयोजन से बनता है।
- ✗ D. किसी यौगिक का अणु एक ही तत्व के परमाणुओं के पृथक्करण से बनता है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.14 एक पुस्तक मेज पर विरामावस्था में है। निम्नलिखित में से कौन सा कथन न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म का सही वर्णन करता है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. मेज द्वारा पुस्तक पर लगाया गया अभिलंबवत बल और पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है।
- ✗ B. पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल और मेज द्वारा पुस्तक पर लगाया गया अभिलंबवत बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है।
- ✓ C. पृथ्वी द्वारा पुस्तक पर तथा पुस्तक द्वारा पृथ्वी पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल एक क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म है।
- ✗ D. मेज पर पुस्तक का बल और पुस्तक पर मेज का अभिलंबवत बल, बलों का संतुलित युग्म नहीं हैं।

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सी एक ऐसी फसल किस्म सुधार विधि है, जिसमें वांछित अभिलक्षण प्रदान करने वाले जीन को समाविष्ट किया जाता है?

Ans
- ✗ A. कलम बांधना (Grafting)
- ✓ B. आनुवंशिकत: विकसित फसलें (Genetically modified crops)
- ✗ C. मुकुलन (Budding)
- ✗ D. प्राकृतिक कायिक जनन (Natural vegetative reproduction)

Q.16 यदि धारा और प्रतिरोध दोनों को आधा कर दिया जाए, तो शक्ति घटकर _______ हो जाती है।

Ans
- ✗ A. प्रारंभिक मान की एक-चौथाई
- ✓ B. प्रारंभिक मान की 1/8
- ✗ C. प्रारंभिक मान की एक तिहाई
- ✗ D. प्रारंभिक मान की आधी

Q.17 निम्नलिखित में से किस विलयन में $H^+$ आयनों की सांद्रता अधिकतम होगी?

Ans
- ✗ A. pH 13 वाला विलयन
- ✗ B. pH 10 वाला विलयन
- ✓ C. pH 3 वाला विलयन
- ✗ D. pH 7 वाला विलयन

Q.18 प्याज की जड़ की वृद्धि उसके ऊपरी भाग को काटने के बाद क्यों रुक जाती है?

Ans
- ✗ A. विभज्योतक कोशिकाएं अपनी रिक्तिकाओं का त्याग कर देती हैं।
- ✗ B. पार्श्व विभज्योतक क्षतिग्रस्त हो जाता है।
- ✗ C. अंतर्वेशी विभज्योतक कार्य करना प्रारंभ कर देता है।
- ✓ D. शीर्षस्थ विभज्योतक, जो नई कोशिकाओं का निर्माण करता है, उसे हटा दिया जाता है।

Q.19 किसी पिंड की स्थिति या विन्यास के कारण उसमें मौजूद ऊर्जा को ________ कहा जाता है।

Ans
- ✓ A. विभव ऊर्जा
- ✗ B. गतिज ऊर्जा
- ✗ C. रासायनिक ऊर्जा
- ✗ D. तापीय ऊर्जा

Q.20 गोलीय दर्पण के वक्रता केंद्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans
- ✓ A. अवतल दर्पण के लिए, यह दर्पण के पीछे स्थित होता है।
- ✗ B. यह दर्पण का हिस्सा नहीं होता है।
- ✗ C. यह दर्पण की परावर्तक सतह के बाहर स्थित होता है।
- ✗ D. उत्तल दर्पण के लिए, यह दर्पण के पीछे स्थित होता है।

Q.21 सहसंयोजक आबंध किसके द्वारा बनते हैं?

Ans
- ✗ A. प्रोटॉनों के त्याग
- ✗ B. इलेक्ट्रॉनों के अंतरण
- ✓ C. इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी
- ✗ D. न्यूट्रॉनों के ग्रहण

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा यौगिक, संतृप्त हाइड्रोकार्बन है?

Ans
- ✗ A. प्रोपीन (Propene)
- ✗ B. बेंजीन (Benzene)
- ✗ C. प्रोपाइन (Propyne)
- ✓ D. साइक्लोहेक्सेन (Cyclohexane)

Q.23 एक वस्तु पानी पर तैरती है यदि ________।

Ans
- ✗ A. इसका घनत्व पानी से अधिक है
- ✗ B. इसका भार शून्य है
- ✗ C. इसका आयतन बहुत कम है
- ✓ D. इसका घनत्व पानी से कम है।

Q.24 निम्नलिखित में से कौन-सा, लघु अवधि की फसल किस्मों का लाभ नहीं है?

Ans
- ✓ A. फसल क्षति का उच्चतर संयोग
- ✗ B. बहुसस्यन की संभावना
- ✗ C. उत्पादन लागत में कमी
- ✗ D. शीघ्र कटाई

Q.25 निम्नलिखित में से कौन सा तत्व मानक स्थितियों के अंतर्गत विशेष रूप से अधातु के रूप में वर्गीकृत है?

Ans
- ✓ A. हाइड्रोजन
- ✗ B. पारा
- ✗ C. चाँदी
- ✗ D. ज़िंक

Section : **Mathematics**

Q.26 शार्पनर के डिब्बे का क्रय मूल्य ₹1,150 है। दुकानदार ने क्रय मूल्य पर 12% की छूट दी। विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है?

Ans
- ✓ A. 1,012
- ✗ B. 955
- ✗ C. 1,074
- ✗ D. 1,095

Q.27 यदि एक घनाभ की लंबाई और चौड़ाई में क्रमशः 10% और 20% की कमी की जाती है, जबकि इसकी ऊँचाई में 35% की वृद्धि की जाती है, तो घनाभ के आयतन में कुल कितने प्रतिशत परिवर्तन होगा?

Ans
- ✓ A. आयतन में 2.8% की कमी
- ✗ B. आयतन में 197.2% की वृद्धि
- ✗ C. आयतन में 10.5% की कमी
- ✗ D. आयतन में 4.68% की वृद्धि

Q.28 यदि 4 और 24 का तृतीयानुपाती x है, तो x का मान कितना है?

Ans
- ✗ A. 142
- ✓ B. 144
- ✗ C. 146
- ✗ D. 141

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.29 वर्तमान में, अमर, रवि से 5 वर्ष छोटा है। अब से चार वर्ष बाद, रवि की आयु अमर की आयु से दोगुनी होगी। अमर की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 6
- ✗ B. 2
- ✓ C. 1
- ✗ D. 4

Q.30 एक आयत की लंबाई उसकी चौड़ाई की तीन गुनी है। यदि इसका परिमाप 160 cm है, तो इसकी चौड़ाई (cm में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 15
- ✗ B. 22
- ✓ C. 20
- ✗ D. 18

Q.31 एक सीढ़ी दीवार के सहारे इस प्रकार टिकी हुई है कि वह ज़मीन से 45° का कोण बनाती है। यदि सीढ़ी का पाद दीवार से 5 m दूर है, तो उस बिंदु की ऊँचाई (m में) क्या है जहाँ सीढ़ी दीवार को छूती है?

Ans
- ✗ A. $5\sqrt{3}$ m
- ✓ B. 5 m
- ✗ C. $\frac{5}{\sqrt{3}}$ m
- ✗ D. 10 m

Q.32 यदि त्रिभुज XYZ के आधार YZ को दोनों ओर बढ़ाने पर प्राप्त बाह्य कोण 110° और 115° हैं, तो $\angle X$ की माप ____________ होगी।

Ans
- ✗ A. समकोण के बराबर
- ✗ B. एक समकोण की तीन चौथाई
- ✓ C. एक ऋजु कोण की एक चौथाई
- ✗ D. एक समकोण की एक चौथाई

Q.33 व्यंजक $\frac{8.73 \times 8.73 \times 8.73 + 4.27 \times 4.27 \times 4.27}{8.73 \times 8.73 - 4.27 \times 8.73 + 4.27 \times 4.27}$ का मान बताइए।

Ans
- ✗ A. 12
- ✓ B. 13
- ✗ C. 10
- ✗ D. 11

Q.34 एक कमरे की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई का अनुपात 3 : 2 : 1 है। यदि चौड़ाई और ऊँचाई को उनके मूल मान से आधा कर दिया जाए जबकि लंबाई को दोगुना कर दिया जाए, तो कमरे के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत परिवर्तन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 13.64% की कमी
- ✗ B. 13.46% की कमी
- ✗ C. 13.64% की वृद्धि
- ✗ D. 13.46% की वृद्धि

Q.35 $(5x - 4)^2 - (5x + 4)^2$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. $25x^2 - 4$
- ✗ B. $-40x$
- ✓ C. $-80x$
- ✗ D. $50x^2 + 32$

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.36 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 3, 6 और 2 दिनों में पूरा कर सकते हैं। एक साथ कार्य करते हुए, वे उसी कार्य का तीन गुना पूरा करने में कितना समय (दिन में) लेंगे?

Ans
- ✗ A. 9
- ✗ B. 4
- ✓ C. 3
- ✗ D. 6

Q.37 यदि दिए गए आँकड़ों का बहुलक 22.75 है, तो माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)

| वर्ग अंतराल | 0-7 | 7-14 | 14-21 | 21-28 | 28-35 | 35-42 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 1 | 7 | 9 | 11 | X | 3 |

Ans
- ✓ A. 21.64
- ✗ B. 24.25
- ✗ C. 36.25
- ✗ D. 32.25

Q.38 5 cm कोर वाले एक घन और 7cm × 4cm × 2cm विमाओं वाले एक घनाभ पर विचार कीजिए। इनमें से किसका आयतन अधिक है?

Ans
- ✓ A. केवल घन
- ✗ B. केवल घनाभ
- ✗ C. दोनों समान स्थान घेरते हैं
- ✗ D. निर्धारित नहीं किया जा सकता है

Q.39 8 पुरुष और 3 महिलाएं किसी काम को 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तथा 14 पुरुष और 19 महिलाएं उसी काम को 5 दिनों में पूरा कर सकते हैं। कितनी महिलाओं का काम, एक पुरुष के काम के बराबर है?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 1
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

Q.40 एक उबर कैब 80 घंटे में 640 km की दूरी तय करती है। इसकी चाल km/hr में कितनी है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 16
- ✗ C. 12
- ✓ D. 8

Q.41 एक निश्चित धनराशि साधारण ब्याज पर 3 वर्षों में ₹12,000 और 5 वर्षों में ₹16,000 हो जाती है। मूलधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹5,500
- ✓ B. ₹6,000
- ✗ C. ₹5,200
- ✗ D. ₹6,200

Q.42 एक विक्रेता ने ₹99,000 में एक लैपटॉप खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 37% की छूट देता है और फिर भी 40% लाभ प्राप्त करता है। लैपटॉप का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹2,19,878
- ✓ B. ₹2,20,000
- ✗ C. ₹2,20,172
- ✗ D. ₹2,19,903

Q.43 एक रेलगाड़ी रेलवे ट्रैक के अनुदिश चल रहे दो व्यक्तियों को ओवरटेक करती है। पहला व्यक्ति 7.2 km/hr की चाल से चल रहा है और दूसरा व्यक्ति 14.4km/hr की चाल से। रेलगाड़ी पहले व्यक्ति को पार करने में 29.9 सेकंड और दूसरे व्यक्ति को पार करने में 43.7 सेकंड का समय लेती है। यदि दोनों व्यक्ति रेलगाड़ी की दिशा में ही चल रहे हैं, तो रेलगाड़ी की चाल कितनी है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✔ A. 30 km/hr
- ✘ B. 38 km/hr
- ✘ C. 27 km/hr
- ✘ D. 36 km/hr

Q.44 मीरा ने ₹160 प्रति ब्रेसलेट की दर से 23 ब्रेसलेट खरीदे। 15% का लाभ अर्जित करने के लिए उसे प्रति ब्रेसलेट किस दर से बेचना होगा?

Ans
- ✘ A. ₹186
- ✘ B. ₹192
- ✘ C. ₹198
- ✔ D. ₹184

Q.45 किसी कक्षा के 51 विद्यार्थियों की औसत आयु 21 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 22 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 70
- ✔ B. 73
- ✘ C. 71
- ✘ D. 74

Q.46 यदि किसी संख्या के 20% को 90 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 60% कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 67.5
- ✘ B. 87.5
- ✘ C. 97.5
- ✘ D. 77.5

Q.47 42 m, 63 m और 140 m की लंबाई को सटीक रूप से मापने के लिए उपयोग की जा सकने वाली अधिकतम संभव लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 5 m
- ✔ B. 7 m
- ✘ C. 32 m
- ✘ D. 22 m

Q.48 तीन उम्मीदवारों - राम, मोहन और सोहन - के एक चुनाव में कुल डाले गए मतों में से 10% अवैध थे। सोहन को वैध मतों का 40% प्राप्त हुआ। यदि राम को मोहन से 2,000 अधिक वैध मत मिले और कुल डाले गए मतों की संख्या 10,000 थी, तो राम के मतों को मोहन के मतों से विभाजित करने पर शेषफल कितना होगा?

Ans
- ✘ A. 320
- ✘ B. 400
- ✘ C. 490
- ✔ D. 300

Q.49 प्रखर और रिया ने मिलकर एक व्यवसाय में ₹31,600 का निवेश किया। वर्ष के अंत में, ₹7,900 के कुल लाभ में से, प्रखर का हिस्सा ₹1,400 था। प्रखर का निवेश कितना था?

Ans
- ✘ A. ₹4,600
- ✔ B. ₹5,600
- ✘ C. ₹6,500
- ✘ D. ₹4,200

Q.50 निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।

(8 × 8 − 8 + 4) ÷ 10 + (4 × 4 + 4 + 4 ÷ 4) × 3 + 2 of 26 ÷ 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. 72
- ✗ B. 69
- ✓ C. 82
- ✗ D. 89

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'van oak canoe' को 'cs vd zb' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'canoe jet wheat' को 'vc cs uw' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'canoe' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. vc
- ✗ B. vd
- ✗ C. zb
- ✓ D. cs

Q.52 M, N, O, P, W, X और Y, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। P के दाईं ओर से गिनने पर, P और O के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। O के दाईं ओर से गिनने पर, O और X के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। W के दाईं ओर से गिनने पर, P और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। X के बाईं ओर से गिनने पर, N और X के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। W के बाईं ओर से गिनने पर, M और W के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Y के दाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. M
- ✗ B. W
- ✗ C. P
- ✓ D. O

Q.53 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ लाल, पन्ना हैं।
कोई पन्ना, मैजेंटा नहीं है।
सभी मैजेंटा, हरा हैं।

निष्कर्ष (I): कुछ मैजेंटा, पन्ना हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ पन्ना, हरा हैं।

Ans
- ✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✓ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

Q.54 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 27 39 54 ?

Ans
- ✗ A. 75
- ✗ B. 69
- ✓ C. 72
- ✗ D. 70

Q.55 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से BGJO का संबंध HIPQ से है। उसी तरीके से, ZOHW का संबंध FQNY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RUZC का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. XWQA
- ✓ B. XWFE
- ✗ C. XWIO
- ✗ D. XWRT

Q.56 A, B, C, D, E, F और G, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, D के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। A, G के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। C और A दोनों का निकटतम पड़ोसी D है। E, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E के दाएं से गिनने पर, E और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. चार

Q.57 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'O @ P – T # G + V' है, तो O का V से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पति
- ✗ B. माता के पिता
- ✓ C. माता का भाई
- ✗ D. पुत्र

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. CY – KR
- ✗ B. QM – YF
- ✓ C. BX – IQ
- ✗ D. HD – PW

Q.59 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
101 105 114 130 155 ?

Ans
- ✗ A. 188
- ✗ B. 193
- ✗ C. 201
- ✓ D. 191

Q.60 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

253 – 2 ÷ 413 + 1313 × 13 = ?

Ans
- ✓ A. 818
- ✗ B. 828
- ✗ C. 834
- ✗ D. 838

Q.61 उस सेट का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी तरह से संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 31, 6)
(3, 16, 5)

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
✔ A. (6 , 13 , 2)
✗ B. (4, 7, 2)
✗ C. (3, 2, 7)
✗ D. (1, 6, 4)

Q.62 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बिन, कैन हैं।
सभी प्लास्टिक, कैन हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ बिन, प्लास्टिक हैं।
(II): कुछ कैन, प्लास्टिक हैं।

Ans
✗ A. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✔ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.63 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'BITE' को '3712' और 'TIDE' को '1207' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'D' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
✗ A. 2
✗ B. 3
✔ C. 0
✗ D. 7

Q.64 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
OSJ MQH KOF IMD ?

Ans
✗ A. GKA
✔ B. GKB
✗ C. GLA
✗ D. GLB

Q.65 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

139 ÷ 7 + 341 × 11 − 41 = ?

Ans
✔ A. 983
✗ B. 856
✗ C. 921
✗ D. 831

Q.66 सीमा अपनी कक्षा में नीचे से 14वें और ऊपर से 42वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
- ✗ A. 52
- ✗ B. 54
- ✓ C. 55
- ✗ D. 53

Q.67 निम्नलिखित श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(Left) 7 7 7 8 5 4 1 7 5 1 9 4 5 8 1 1 4 5 1 2 8 6 9 7 4 2 6 (Right)

ऐसी कितनी सम संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद भी एक विषम संख्या है?

Ans
- ✓ A. 5
- ✗ B. 7
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

Q.68 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 7 9 1 8 4 2 5 6 3 8 7 1 9 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं जिनके तुरंत बाद सम संख्या है?

Ans
- ✓ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन से अधिक
- ✗ D. एक

Q.69 सूरज बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 8 km यात्रा करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 9 km यात्रा करता है, दाएँ मुड़ता है और 10 km यात्रा करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 5 km यात्रा करता है। अंत में, वह बाएँ मुड़ता है और बिंदु B तक पहुँचने के लिए 2 km यात्रा करता है। बिंदु A पर वापस लौटने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में यात्रा करनी होगी? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 11 km, पश्चिम की ओर
- ✗ B. 6 km, दक्षिण की ओर
- ✗ C. 1 km, पूर्व की ओर
- ✓ D. 14 km, पश्चिम की ओर

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, XVYC का संबंध एक निश्चित तरीके से DBEI से है। उसी प्रकार, PNQU का संबंध VTWA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, BZCG का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. HGHO
- ✗ B. HFHM
- ✓ C. HFIM
- ✗ D. HEHM

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

GJD24 HKE33 ILF42 JMG51 ?

Ans
- ✗ A. KNG60
- ✗ B. KNH61
- ✗ C. KNG61
- ✓ D. KNH60

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्याएं, दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर आएंगी?

10, 2, 15, 3, 20, 5, 25, 7, ?, ?

Ans
- ✗ A. 30, 9
- ✗ B. 35, 9
- ✗ C. 35, 11
- ✓ D. 30, 11

Q.73 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KIJ−NLM
YWX−BZA

Ans
- ✗ A. IFF−LJK
- ✗ B. IFF−KIJ
- ✓ C. IGH−LJK
- ✗ D. IGH−KJJ

Q.74 पाँच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D पंक्ति के बाएं छोर पर बैठा है। E, A के दाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। B, A के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। D और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 0
- ✓ B. 3
- ✗ C. 1
- ✗ D. 2

Q.75 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 3 @ © 6 5 € € 3 3 8 € % 2 7 6 # 7 * £ € 9 $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.76 शहर W, शहर X के दक्षिण में है। शहर Y, शहर W के पूर्व में है। शहर Z, शहर Y के उत्तर में है। शहर A, शहर Z के पश्चिम में है। शहर X, शहर A के उत्तर-पूर्व में है। शहर A के संबंध में शहर W की स्थिति क्या है?

Ans
- ✗ A. उत्तर-पश्चिम
- ✗ B. उत्तर-पूर्व
- ✗ C. दक्षिण-पश्चिम
- ✓ D. दक्षिण-पूर्व

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. VVY
- ✗ B. TSW
- ✗ C. DCG
- ✗ D. LKO

Q.78 सात बॉक्स, A, B, C, D, I, J, और K, एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। I के नीचे केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। J के ऊपर केवल एक बॉक्स रखा गया है। J और K के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। B को C के ठीक ऊपर रखा गया है। D को A के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है।
A और B के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. चार
- ✗ D. दो

Q.79 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 8 7 * @ © 9 # % £ © * % © 2 * © 4 8 2 4 5 @ (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 1
- ✗ C. एक भी नहीं
- ✓ D. 2

Q.80 संख्या 3472618 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं बढ़ते क्रम में व्यवस्थित किया गया है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. तीन
- ✓ C. दो
- ✗ D. एक भी नहीं

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 अपतटीय सुरक्षा समन्वय समिति (OSCC) का कौन-सा संस्करण जून 2025 में नई दिल्ली में (भारतीय तटरक्षक बल के नेतृत्व में) आयोजित किया गया था, जिसमें अपतटीय अवसंरचना सुरक्षा का मूल्यांकन करना और बेहतर बहु-एजेंसी विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था?

Ans
- ✓ A. 137वां
- ✗ B. 127वां
- ✗ C. 157वां
- ✗ D. 147वां

Q.82 2025 में पांच दिवसीय विशाल (major) सूमो कुश्ती टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए किस शहर को चुना गया?

Ans
- ✗ A. टोरंटो, कनाडा
- ✗ B. न्यूयॉर्क, यूएसए
- ✗ C. सिडनी, ऑस्ट्रेलिया
- ✓ D. लंदन, यूके

Q.83 निम्नलिखित में से किस प्रशासनिक निकाय को 2025 में 'विकसित भारत @2047' कार्यक्रम के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है?

Ans
- ✗ A. विदेश मंत्रालय
- ✗ B. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
- ✗ C. केंद्रीय सतर्कता आयोग
- ✓ D. नीति (NITI) आयोग

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.84 जनवरी 2025 में 2025 खो-खो विश्व कप का पहला संस्करण कहाँ आयोजित किया गया था?

Ans
- ✔ A. नई दिल्ली, भारत
- ✗ B. ढाका, बांग्लादेश
- ✗ C. कोलम्बो, श्रीलंका
- ✗ D. काठमांडू, नेपाल

Q.85 अक्टूबर 2025 में लॉन्च किया गया राष्ट्रीय रेड लिस्ट रोडमैप मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस पर लक्षित है?

Ans
- ✗ A. औद्योगिक क्षेत्रों में वायु और जल प्रदूषण के स्तर की निगरानी करना
- ✗ B. पर्यावरणीय स्थिरता के लिए नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य विकसित करना
- ✔ C. देश की वनस्पतियों और जीवों के संरक्षण की स्थिति का आकलन और निगरानी करना
- ✗ D. नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने और उत्सर्जन में कमी की प्रगति पर नज़र रखना

Q.86 2025 विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप किसने जीती?

Ans
- ✗ A. अभिजीत गुप्ता
- ✗ B. विश्वनाथन आनंद
- ✗ C. पेंटाला हरिकृष्णा
- ✔ D. प्रणव वेंकटेश

Q.87 वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 क्या प्रतिबंधित करता है जब तक कि महिला उत्तराधिकारियों को पहले उनकी विरासत का उचित हिस्सा न मिल जाए?

Ans
- ✔ A. वक्फ के प्रति समर्पण
- ✗ B. संपत्ति पंजीकरण
- ✗ C. अदालती मामले
- ✗ D. ऋण संस्वीकृति

Q.88 इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में प्रदर्शित एआई-ड्रिवेन इनसाइट्स (AI-Driven Insights) पहल के साथ डिजिटल ट्विन का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✔ A. बुनियादी ढांचे की योजना बनाना और प्रबंधन करना
- ✗ B. दूरसंचार उपयोगकर्ताओं के लिए गेमिंग सिस्टम बनाना
- ✗ C. फ़ोन निर्माताओं के लिए विपणन उपकरण डिज़ाइन करना
- ✗ D. उपभोक्ता उपकरणों के लिए सेंसर का उत्पादन करना

Q.89 अगस्त 2025 में, भारतीय सेना ने IIT मद्रास के साथ मिलकर IIT मद्रास परिसर में ______ नामक एक अनुसंधान केंद्र स्थापित किया।

Ans
- ✗ A. एस्ट्रलैब (AstraLab)
- ✗ B. ब्रह्मोस रिसर्च सेल (BrahMos Research Cell)
- ✗ C. डिफेंस टेक (DefenceTech)
- ✔ D. अग्निशोध (Agnishodh)

Q.90 2025 में लॉन्च की गयी मिज़ो एंडो 4000, पारंपरिक लेप्रोस्कोपिक प्रक्रियाओं की तुलना में नैदानिक परिणामों में कैसे सुधार करती है?

Ans
- ✗ A. यह पैथोलॉजी वर्कफ़्लो में AI को एकीकृत करके नैदानिक यथार्थता को बढ़ाती है।
- ✗ B. यह नैनो प्रौद्योगिकी आधारित वितरण प्रणालियों का उपयोग करके मानव ऊतकों में औषधि अवशोषण में सुधार करती है।
- ✔ C. यह स्वदेशी सूक्ष्म सर्जरी को संभव बनाकर आयातित रोबोटिक सर्जिकल प्रणालियों पर निर्भरता को कम करती है।
- ✗ D. यह योगात्मक विनिर्माण के माध्यम से कम लागत वाले कृत्रिम अंगों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की सुविधा देती है।

Q.91 2025 में, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने किस संस्था को पराबैंगनी सीवेज उपचार प्रौद्योगिकी का आकलन करने का निर्देश दिया?

Ans
- ✗ A. IIT कानपुर
- ✗ B. IIT मद्रास
- ✗ C. IIT बॉम्बे
- ✓ D. IIT दिल्ली

Q.92 नवंबर 2025 में, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति ने निम्नलिखित में से किस संरक्षित क्षेत्र में कई रक्षा और अर्धसैनिक परियोजनाओं को मंजूरी दी?

Ans
- ✗ A. खांगचेंजोंगा राष्ट्रीय उद्यान
- ✗ B. देहिंग पटकाई वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ C. राइमोना राष्ट्रीय उद्यान
- ✓ D. काराकोरम वन्यजीव अभयारण्य

Q.93 जनवरी 2025 में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह को कौन-सा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया?

Ans
- ✗ A. द्रोणाचार्य पुरस्कार
- ✗ B. पद्म भूषण
- ✓ C. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार
- ✗ D. अर्जुन पुरस्कार

Q.94 किस राज्य सरकार ने जून 2025 में उद्योग क्रांति नामक परिवर्तनकारी औद्योगिक सुधार अभियान शुरू किया है?

Ans
- ✗ A. गुजरात
- ✓ B. पंजाब
- ✗ C. आंध्र प्रदेश
- ✗ D. महाराष्ट्र

Q.95 निम्नलिखित में से किसे 2025-26 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) का अध्यक्ष चुना गया है?

Ans
- ✗ A. अडानी
- ✓ B. राजीव मेमानी
- ✗ C. संजीव पुरी
- ✗ D. मुकेश अंबानी

Q.96 बक्शी कप 2025 (Bakshi Cup 2025) में कौन-सी अकादमी उपविजेता रही?

Ans
- ✗ A. भारतीय सैन्य अकादमी (IMA)
- ✗ B. अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (OTA) चेन्नई
- ✗ C. वायु सेना अकादमी (AFA)
- ✓ D. राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA)

Q.97 जुलाई 2025 में विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधिक कार्य विभाग द्वारा उद्घाटन किए जाने वाले वूमेन्स वेलनेस स्पेस (women's wellness space) का नाम क्या है?

Ans
- ✗ A. नारी कल्याण भवन
- ✗ B. स्त्री सुरक्षा सदन
- ✗ C. स्वास्थ्य स्थल
- ✓ D. महिला आरोग्यम कक्ष

Q.98 14-18 अक्टूबर 2024 तक रोम में आयोजित विश्व खाद्य मंच (WFF) की विषयवस्तु (थीम) क्या थी?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans

- ✗ A. न्यूट्रिशियस फूड फॉर आल, फॉर टुडे एंड टुमारो (Nutritious food for all, for today and tomorrow)
- ✗ B. हेल्दी फूड फॉर आल, फॉर टुडे एंड टुमारो (Healthy food for all, for today and tomorrow)
- ✓ C. गुड फूड फॉर आल, फॉर टुडे एंड टुमारो (Good food for all, for today and tomorrow)
- ✗ D. गुड फूड फॉर आल, फॉर टुडे एंड फॉरएवर (Good food for all, for today and forever)

Q.99 1 अप्रैल 2025 से लागू हुए नए माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (MFIN) नियमावली के तहत प्रति उधारकर्ता अधिकतम कितने ऋणदाताओं की अनुमति है?

Ans

- ✗ A. दो
- ✓ B. तीन
- ✗ C. चार
- ✗ D. पांच

Q.100 जून 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 6 जून 2025 को 'पेमेंट्स बैंकों की लाइसेंसिंग (Licensing of Payments Banks)' पर RBI द्वारा जारी किए गए कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए निम्नलिखित में से किस संस्थान पर ₹29.60 लाख (मात्र उनतीस लाख साठ हजार रुपये) का मौद्रिक जुर्माना लगाया?

Ans

- ✓ A. फिनो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (Fino Payments Bank Limited)
- ✗ B. एचडीएफसी बैंक लिमिटेड. (HDFC Bank Limited)
- ✗ C. पंजाब एंड सिंध बैंक (Punjab & Sind Bank)
- ✗ D. बंधन बैंक लिमिटेड (Bandhan Bank Limited)

Prepp Your Personal Exam Guide